# महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय


## जंगल धूसड़- गोरखपुर

फोन नं0 : 0551–6827552, 2105416

मो. : 9794299451

Website: www.mpm.edu.in

E-mail : mpmpg5@gmail.com


स्थापित २००५ ई.

पत्रांक : ....................                                                                                   दिनांक : 23.08.2016

**प्रकाशनार्थ**

सप्ताह में एक दिन कक्षाएं छात्र–छत्राएं पढ़ायेंगे। प्रोजेक्टरयुक्त कक्षाओं की संख्या बढ़ेंगी। स्वच्छ पानी हेतु आर0ओ0 वाटर कूलर की संख्या बढ़ाई जायेगी। पुस्तकालय में ई–लाइब्रेरी बनेगी, कम्प्यूटर की संख्या बढ़ाई जायेगी। क्रीड़ा सुविधाएं अद्यतन की जायेंगी। प्रतिदिन कक्षाओं में सारांश की छायाप्रति मिलती रहेगी। पाठ्यक्रम 30 जनवरी तक पूर्ण होंगे। छात्रसंघ बजट का 40 प्रतिशत अकादमिक कार्यों पर, 20 प्रतिशत सांस्कृतिक गतिविधियों पर तथा 20 प्रतिशत क्रीड़ा पर खर्च होगा। पुस्तकालय अद्यतन प्रकाशित पुस्तकों, शोध पत्र–पत्रिकाओं का विकसित केन्द्र होगा, प्रयोगशालाएँ अद्यतन तकनीकी सुविधाओं से लैश होगी। स्वैच्छिक श्रमदान में छात्रसंघ सहभागी होगा। विभिन्न समितियों के माध्यम से छात्रसंघ महाविद्यालय के प्रशासनिक कार्यो में सीधा हस्तक्षेप रखेगा। ये वादे महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर के छात्रसंघ चुनाव के **योग्यता भाषण** में प्रत्याशियों ने किये। योग्यता भाषण में उपस्थित विद्यार्थियों की तालियों की गड़गड़ाहट से उत्साहित हो रहे सभी प्रत्याशियों ने अपने–अपने अन्दाज में अपनी बात रखी तथा अपने लिए समर्थन माँगा। योग्यता भाषण में **अध्यक्ष पद** के लिए श्री सतीश पाण्डेय बी.ए. तृतीय वर्ष एवं श्री सिद्धार्थ कुमार शुक्ल एम.काम. प्रथम वर्ष ने एवं **उपाध्यक्ष पद** के लिए सुश्री प्रगति मिश्रा एम.काम. द्वितीय वर्ष, श्री विनय साहनी बी.ए. द्वितीय वर्ष, श्री सुधान्शु यादव बी.ए. तृतीय वर्ष, श्री राहुल गिरि बी.ए. प्रथम वर्ष ने तथा **महामंत्री पद** के हेतु श्री धनन्जय विश्वकर्मा एम.ए. द्वितीय वर्ष, अनुराग त्रिपाठी बी.काम. तृतीय वर्ष, रवि प्रताप नागवंशी बी.ए. द्वितीय वर्ष, श्री अनिल कुमार बी.एड. प्रथम वर्ष ने अपने लिए मतदान करने की अपील की। संचालन डॉ0 अविनाश प्रताप सिंह ने किया।

इससे पूर्व आज अध्यक्ष पद हेतु–2, उपाध्यक्ष पद हेतु–4 एवं महामंत्री पद हेतु–4 पर्चो की जांच की गयी, जिसमें सभी के पर्चे वैद्य घोषित कर दिये गये। मतदान कल प्रातः 09:00 बजे प्रारम्भ होगा। प्रत्याशी एवं उनके प्रतिनिधि प्रातः 08:30 बजे तक कालेज परिसर में उपस्थित होगें। छात्रसंघ चुनाव अधिकारी डॉ0 प्रवीन्द्र कुमार शाही ने बताया कि छात्रसंघ चुनाव आचार संहिता का कड़ाई से पालन किया जायेगा। परिसर के आस–पास बाहरी छात्र/छात्राओं के उपस्थित प्रतिबन्धित होगी। चार पहियां वाहन महाविद्यालय से 100 मीटर की परिधि से बाहर होगें। पर्चा, पम्पलेट जैसे–प्रकाशित प्रचार सामाग्री पर पूर्णतः प्रतिबन्ध रहेगा। एवं चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सभी के सहयोग की अपील की।

(डॉ. राजेश शुक्ल)

सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी